मईया तेरा सहारा सदा चाहिए

आसरा इस जहाँ का मिले ना मिले,
मईया तेरा सहारा सदा चाहिए,
चाँद तारे गगन में दिखे ना दिखे,
मुझको तेरा नज़ारा सदा चाहिए,
आसरा इस जहाँ का मिले ना मिले.....

जहाँ खुशियां है कम और ज्यादा है गम,
जहाँ देखो वही पे भर्म ही भर्म,
तेरी महफ़िल में शम्मा जले ना जले,
मेरे घर में उजाला सदा चाहिए,
आसरा इस जहाँ का मिले ना मिले.....

मेरी धीमी है चाल पथ है विशाल,
हर कदम पे है मालिक मुझे तू संभाल,
पैर मेरे ये दोनों चले ना चले,
मुझको तेरा ये साथ सदा चाहिए,
आसरा इस जहाँ का मिले ना मिले.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26873/title/mayia-tera-sahara-sada-chahiye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |